नगर निगम, गोरखपुर

आवश्यक सूचना

नगर निगम, गोरखपुर के सीमान्तर्गत समस्त **विद्यालयों, पेट्रोल पम्पों, हास्पीटलस/नर्सिंग होम्स, होटल, रेस्टोरेन्ट, मॉल, मैरज हाल, सिनेमा हाल, कॉम्पलेक्स, शोरूम, व्यवसायिक कटरा, व्यवसायिक अपार्टमेन्ट, आवासीय अपार्टमेन्ट, आवासीय सोसायटी, प्राईवेट आवासीय कालोनी** से सम्बन्धित समस्त **भवनों** की सफाई सें सम्बन्धित स्व–मूल्याँकन किये जाने हेतु भवन स्वामियों को सूचित किया जाता है कि निर्धारित प्रारूप पर समस्त विवरण भर कर नगर निगम, गोरखपुर के स्वच्छ भारत मिशन, कार्यालय में जमा कर देवें। उपरोक्त मूल्यांकन आपके भवनो एवं नगर के लिए जहाँ एक तरफ आवश्यक है, वही आपके भवनो की सफाई के प्रति निर्धारित स्टार रेटिंग आपके भवनो के लिए एक मानक का कार्य करेगी। याद रखें आप अपने प्रतिष्ठानों/संस्था की सफाई को निर्धारित मानक के अनुसार सुदृढ रखते हुए अधिकतम रेटिंग प्राप्त कर सकते है। उक्त के सम्बन्ध में प्राप्त अधिकतम रेटिंग के आधार पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान के विजेताओं की सूचना दैनिक समाचार पत्रो में प्रकाशित भी किया जायेगा, साथ ही विजेताओं को इसका प्रमाण पत्र भी नगर निगम द्वारा जारी किया जायेगा।

अतः नगर निगम, गोरखपुर की बेवसाईट http://nagarnigamgkp.org से प्रारूप डाउनलोड कर सकते है अथवा नगर निगम के एस.बी.एम. कार्यालय से प्राप्त कर सकते है। प्रारूप जमा करने की अन्तिम तिथि 18.11.2020 तक निर्धारित किया गया है। अधिक जानकारी के लिये मोबाईल नम्बर 9125900395 पर सम्पर्क करे।

अपर नगर आयुक्त,
नगर निगम, गोरखपुर

नगर आयुक्त
नगर निगम, गोरखपुर